भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2425
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**गोला गोकर्णनाथ और मेंढक मंदिर को एसडीएस में शामिल करना**

**†2425. श्री उत्कर्ष वर्मा मधुरः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार गोला गोकर्णनाथ और मेंढक मंदिर को स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) में शामिल करने का है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) उत्तर प्रदेश में उक्त योजना के अंतर्गत चयनित स्थानों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' और 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश भर के पर्यटन स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना विकास और सुविधाओं के प्रयासों को संपूरित करता है। यह वित्तीय सहायता, योजना के दिशानिर्देशों और इस संबंध में जारी अन्य निर्देशों के अनुरूप परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति, धन की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अधीन प्रदान की जाती है।

वर्तमान में, स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत गोला गोकर्णनाथ और मेंढक मंदिर के विकास हेतु पर्यटन मंत्रालय में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन, एसडी 2.0 और सीबीडीडी योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में संलग्न है।

*******

**अनुबंध**

श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर द्वारा गोला गोकर्णनाथ और मेंढक मंदिर को एसडीएस में शामिल करने के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2425 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1. | बौद्ध परिपथ<br>2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 2. | रामायण परिपथ<br>2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ<br>2016-17 | आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास | 71.91 |
| 4. | आध्यात्मिक परिपथ<br>2016-17 | बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा- सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | 67.51 |
| 5. | विरासत परिपथ<br>2016-17 | कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 36.65 |
| 6. | रामायण परिपथ<br>2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 7. | आध्यात्मिक परिपथ<br>2018-19 | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 |
| 8. | आध्यात्मिक परिपथ<br>2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 |
| 9. | मार्गस्थ सुविधाएं<br>2018-19 | सड्क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; कुशीनगर - गया - कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | 17.50 |

**स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023-24 | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 14.52 |
| 2. | 2023-24 | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 17.80 |

**स्वदेश दर्शन योजना की चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) नामक उप-योजना के तहत उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | महोबा में सांस्कृतिक भूदृश्य का विकास | 24.98 |

*******